# लखनऊ विकास प्राधिकरण

की बैठक दिनांक 11 मार्च, 1996

को

कार्य-सूची

## लखनऊ विकास प्राधिकरण

६, जगदीश चन्द्र बोस मार्ग,

लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनॉक 11 मार्च, 1996
मे विचारणीय विषयों की कार्य-सूची


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनॉक 23 फरवरी, 1996 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण। | 01 |
| 2. | नजूल भूखण्ड संख्या: 8, अशोक मार्ग, लखनऊ के भू-उपयोग परिवर्तन से सम्बन्धित। | 07 |
| 3. | लखनऊ विकास प्राधिकरण की बिना विक्रय अनुमति प्राप्त किये भवन/भूखण्ड को दाखिल खारित किये जाने विषयक। | 13 |
| 4. | श्री ए.एम.खान, विशेष संवाददाता, पी.टी.आई. को आवन्टित भूखण्ड संख्या: बी-2/98 विपुल खण्ड पर लगाये गये परिवर्तन शुल्क को माफ़ किये जाने से सम्बन्धित। | 14 |
| 5. | श्री प्रमोद गोस्वामी, वरिष्ठ संवाददाता, पी.टी.आई. को आवन्टित भूखण्ड संख्या: सी-2/213 विपुल खण्ड पर लगाये गये परिवर्तन शुल्क कसे माफ़ किये जाने से सम्बन्धित। | 15 |
| 6. | श्री जय किशन भाटिया को जानकीपुरम योजना मे आवन्टित ई.डब्लू.एस. भवन के स्थान पर गोमती नगर योजना मे ई.डब्लू.एस. 2/742, विवेक खण्ड परिवर्तित किये जाने से सम्बन्धित। | 16 |
| 7. | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय। | |

विषय संख्याः 1 पृष्ठ संख्याः 1 ए

विषयः लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 23 फरवरी, 1996 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

---

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 23 फरवरी, 1996 का कार्यवृत्त पुष्टि हेतु संलग्न है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनाँक 23 फरवरी, 1996

**का कार्यवृत्त**

उपस्थिति:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अखण्ड प्रताप सिंह | प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आवास विभाग। |
| 2. | श्री नरेश दयाल | आयुक्त, लखनऊ मण्डल एवं अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 3. | श्री गंगादीन यादव | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ। |
| 4. | श्री प्रदीप शुक्ला | जिलाधिकारी, लखनऊ। |
| 5. | श्री संजय अग्रवाल | मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम, लखनऊ। |
| 6. | श्री विजय बहादुर सिंह | संयुक्त सचिव, उ०प्र०शासन वित्त विभाग। |
| 7. | श्री हरे कृष्ण शर्मा | मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उत्तर प्रदेश, लखनऊ। |
| 8. | श्री बी०एस०माथुर | मुख्य अभियन्ता (मध्य क्षेत्र), उत्तर प्रदेश जलनिगम। |
| 9. | श्री मुरलीधर | अपर निदेशक, उद्योग विभाग, लखनऊ। |
| 10. | श्री यशवीर सिंह चौहान | अपर आवास आयुक्त, उ०प्र०आवास विकास परिषद। |
| 11. | श्री सुबोध शंकर | वरिष्ठ वास्तुविद नियोजक, उ०प्र० आवास विकास परिषद। |
| 12. | श्री एम०ए०ए०खान | सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |

~~~~~~~~~~~~~~

विषय संख्या:1 लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनाँक 9 नवम्बर, 1995 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

निर्णय: लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनाँक 9 नवम्बर, 1995 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

क्रमशः-----
~~~~~~~~~~~~~~

विषय संख्याः 2

गोमती नगर योजना तथा लखनऊ-रायबरेली रोड के मध्य प्रस्तावित 60·00 मीटर रोड एवं सुनियोजित विकास योजना के अर्न्तगत उसके दोनो तरफ की भूमि का अर्जन।

निर्णय :

गोमती नगर योजना तथा लखनऊ रायबरेली रोड के मध्य प्रस्तावित रिंग रोड के दोनो तरफ भूमि के सुनियोजित विकास के लिये 6,624·09 एकड़ भूमि के अर्जन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसमे 539·04 एकड़ भूमि नगर निगम/ग्राम समाज की है तथा 239·77 एकड़ भूमि अन्य विभागों की है। इसी क्षेत्र के अर्न्तगत आबादी एवं मरघट आदि की 134·00 एकड़ भूमि भी आती है। यह निर्देश दिये गये कि अधिग्रहण का प्रस्ताव भेजने से पूर्व यह देख लिया जाये कि अन्य विभागों की भूमि किन-किन विभागों की है तथा किस प्रयोजन हेतु है। इसके अतिरिक्त प्रस्ताव मे अंकित ग्राम समाज की 539·04 एकड़ भूमि मे से कितनी भूमि नगर निगम की है एवं कितनी ग्राम समाज की?

मुख्य अभियन्ता द्वारा अर्जित की जाने वाली भूमि को नक्शे पर दिखाया गया। योजना की कुछ भूमि के बारे मे बताया गया कि उसे आवास विकास परिषद द्वारा अधिग्रहीत किया जा चुका है। इस सम्बन्ध मे यह निर्देश दिये गये कि पुष्टि कर ली जाये कि आवास विकास परिषद के अधिग्रहण प्रस्ताव का अनुमोदन हो गया है या नही?

रिंग रोड तथा उसके आस पास की भूमि के अधिग्रहण के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ एवं निम्न निर्णय लिये गये:-

(1) रिंग रोड के लिये आवश्यक भूमि तथा रिंग रोड के आस-पास के क्षेत्र के विकास के लिये अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि के प्रस्ताव अधिग्रहण हेतु भेजे जायें।

(II) रिंग रोड के निर्माण के लिये गोमती नगर योजना तथा लखनऊ रायबरेली रोड के मध्य प्रस्तावित रिंग रोड के अतिरिक्त सीतापुर रोड से हरदोई रोड तथा रिंग रोड के अन्य भागों जहां पर रिंग रोड के निर्माण के लिये भूमि का अधिग्रहण नहीं हुआ है, को सम्मिलित करते हुए अधिग्रहण का प्रस्ताव बनाया जाये। रिंग रोड के शेष भाग जिसकी भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव इस अर्जन प्रस्ताव मे सम्मिलित

नही है, की भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के अनुमोदन से किया जाये।

रिंग रोड के लिये भूमि का अधिग्रहण भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा-17 के प्राविधानो सहित किया जाये। भूमि अधिग्रहण के लिये अनुमानित धनराशि की गणना कर शासन से वांछित धनराशि की मांग की जाये।

:III: अन्य प्रस्तावित भूमि के अधिग्रहण के बारे मे निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिये यह आवश्यक है कि प्रस्तावित क्षेत्र के लिये भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा-4 की विज्ञप्ति प्रकाशित करने की कार्यवाही की जाये।

:IV: प्रस्तावित क्षेत्र की भूमि के अधिग्रहण के लिये लखनऊ विकास प्राधिकरण के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नही है। विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि तात्कालिक उपयोग के लिये अधिक से अधिक 1,000 एकड़ तक की सीमा के अन्तर्गत भूमि का चयन किया जायेगा। इस भूमि के अधिग्रहण के लिये भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा-17:6: की कार्यवाही की जायेगी। "शेष भूमि के सुनियोजित विकास हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण ~~नियमानुसार की जायेगी।~~ ~~स्वयं करेगा अथवा निजी निर्माताओं से सहयोग प्राप्त करेगा।~~ "

विषय संख्या: 3

ताज होटल के समीप गोमती नदी पर प्रस्तावित पुल का निर्माण बी.ओ.टी. के आधार पर करने के सम्बन्ध मे।

निर्णय:

ताज होटल के समीप गोमती नदी पर प्रस्तावित पुल का निर्माण बी.ओ.टी. के आधार पर करने के सम्बन्ध मे प्रस्तुत प्रस्ताव के साथ संलग्न बी.ओ.टी. टेन्डर डाकूमेन्ट तथा समाचार पत्रो मे प्रकाशित विज्ञप्ति के सम्बन्ध मे विस्तार से विचार विमर्श हुआ। टेन्डर डाकूमेन्ट आदि मे पाई गई कमियों/त्रुटियों के सम्बन्ध मे निम्न निर्णय लिये गये:-

:I: पुल की लागत के सम्बन्ध मे विस्तृत आगणन इस स्टेज पर मांगे जाने की आवश्यकता नही है।

(II) गुणवत्ता के लिये आई॰एस॰ कोड का स्पष्ट उल्लेख किया जाये।

(III) अर्हता के लिये यह मानक रखा जाये कि बिडर ने कम से कम 25 करोड़ धनराशि की एक परियोजना पूर्ण की हो तथा उसकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो।

(IV) बिड का चयन निम्न मानकों के आधार पर किया जाये:-

1. परियोजना की लागत।
2. भूमि की मात्रा जिसके भू-उपयोग का परिवर्तन चाहा गया है।
3. ईक्युटी की मांग।

प्राप्त आफ़र्स के परीक्षण हेतु उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता मे एक समिति गठित की गई जिसमे मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम, लखनऊ सदस्य होगें। इनके अतिरिक्त अध्यक्ष अन्य जिन सदस्यों की आवश्यक्ता समझें उन्हे समिति मे सम्मिलित कर सकते है।

उक्त समिति प्राप्त आफ़र्स का परीक्षण कर बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेगी।

(V) अधिकतम 25 एकड़ भूमि का भू-उपयोग व्यवसायिक किये जाने के सम्बन्ध मे विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि बिड डाकूमेन्ट मे व्यवसायिक भूमि का जो मूल्य दिया गया है वह व्यवहारिक नही है। सामान्यतः व्यवसायिक भूमि का मूल्य आवासीय भूमि के मूल्य का दो गुना होता है। साथ ही यह भी बताया गया कि भू-उपयोग के परिवर्तन हेतु शासन स्तर से ही निर्धारित है जो कि भू-उपयोग के परिवर्तन के फलस्वरूप भूमि की कीमत आंकने मे सहायक हो सकती है। इसी आधार पर पुन निर्माण के लिये दिये जाने वाले प्रोत्साहन की गणना करना उचित होगा। भू-उपयोग परिवर्तन का निर्णय शासन स्तर पर हुई बैठक मे लिया जा चुका है।

हरित पट्टी से व्यवसायिक 25 एकड़ तक

यदि बिडर आवासीय भूमि को व्यवसायिक मे परिवर्तित कराना चाहेगा तो भू-उपयोग मे परिवर्तन की अधिकतम सीमा 25 एकड़ तक रहेगी। यदि कार्यालय उपयोग की भूमि को व्यवसायिक मे परिवर्तित कराना चाहेगा तो सीमा 35 एकड़ तथा हरित पट्टी की भूमि को व्यवसायिक मे पर्विर्तित कराना चाहेगा तो यह सीमा 15 एकड़ रखी जायेगी।

(VI) भू-उपयोग परिवर्तन के उपरान्त बिडर व्दारा प्रस्तुत प्लान तभी स्वीकृत किये जायेगें तथा निर्माण की स्वीकृति तभी दी जायेगी जबकि प्रोजेक्ट पर आने वाली लागत का 50 प्रतिशत व्यय प्रोजेक्ट पर बिडर व्दारा किया जा चुका हो।

(VII) इस ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया कि समाचार पत्रों मे जो विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है उसमें पुल की स्थिति (लोकेशन) सही नही दर्शायी गई है।

(VIII) उपरोक्त के अतिरिक्त बिड डाकूमेन्ट के अन्य बिन्दुओं पर भी विचार विमर्श हुआ। निर्णय लिया गया कि बोर्ड व्दारा दिये गये सुझावों के अनुसार मुख्य अभियन्ता बिड डाकूमेन्ट का संशोधन कर, उपाध्यक्ष के अनुमोदनोपरान्त पुनः समाचार पत्रों के माध्यम से तिथि परिवर्तन के सम्बन्ध मे विज्ञप्ति प्रकाशित करायेगें। आफ़र माँगने की अन्तिम तिथि 11 मार्च, 1996 तक रखेंगे।

विषय संख्याः 4 गोमती नगर योजना के टाउन सेन्टर (विभूति खण्ड) मे प्रस्तावित संस्थागत भू-उपयोग के बदले विराज खण्ड जिसका भू-उपयोग संस्थागत है, मे से 50 एकड़ भूमि टाउन सेन्टर मे परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : गोमती नगर योजना के टाउन सेन्टर मे अपोलो, स्कोर्ट, यू.पी.हार्ट फा. सेन्टर तथा सिविल सर्विसेज़ ट्रान्ज़िट हास्टल के लिये भूमि दिये जाने के प्रस्ताव के सम्बन्ध मे यह निर्णय लिया गया कि उक्त संस्थाओं को वर्तमान आवासीय दर की आधी दर पर तथा सिविल सर्विसेज़ ट्रान्ज़िट हास्टल के लिये आवासीय दर पर भूमि दी जायगी।

mau

उक्त भूमि के बदले विराज खण्ड मे केवल 50 एकड़ भूमि का भू-उपयोग संस्थागत से व्यवसायिक मे परिवर्तित किये जाने की सहमति दी गई।

§एम·ए·ए·खान§
सचिव

§ गँगादीन यादव §
उपाध्यक्ष

<u>अ नु मो दि त</u>

§ नरेश दयाल §
आयुक्त, लखनऊ मण्डल एवं
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

विषयः नजूल भूखण्ड सँख्याः 8, अशोक मार्ग लखनऊ का भू-उपयोग परिवर्तन ।

उपरोक्त भूखण्ड महायोजना-2001 के अनुसार आवासीय(आर-2) के अर्न्तगत आता है जिसका भू-उपयोग आवासीय से कार्यालय प्रयोग मे परिवर्तन हेतु भू-स्वामिनी सत्यवती देवी, 16, नरही, लखनऊ ने अपने प्रार्थनापत्र दिनाँक 12·2·96 द्वारा प्रमुख सचिव आवास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन से अनुरोध किया गया। प्रश्नगत भूखण्ड का क्षेत्रफल 8651 वर्गफिट जिसे प्रार्थिनी ने सँलग्न मानचित्र सँलग्नक-2 मे वर्णित कर दिया गया है।

शासनादेश सँख्याः 827/9-आ-3-96-6 एलयूसी/96, दिनाँक 22·2·96 सँलग्न, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उ·प्र· के पत्र सँख्याः 711 दिनाँक 22·2·96 की प्रति भूजते हुए प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष उपरोक्त भूखण्ड सँख्याः 8, अशोक मार्ग, लखनऊ का आवासीय से कार्यालय भू-प्रयोग मे परिवर्तन करते हेतु सँलग्न- तीन द्वारा अपेक्षा की गयी है।

अतः प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उ·प्र· की राय पत्राँक 711 दिनाँक 22·2·96 एवं शासनादेश दिनाँक 22·2·96 के क्रम मे आवासीय से कार्यालय प्रयोग मे परिवर्तन हेतु प्रस्ताव विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
आवास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन ।

विषय: नजूल भूखण्ड संख्या-8, अशोक मार्ग लखनऊ का भू-उपयोग परिवर्तन ।

---

महोदय,

प्रार्थिनी आपकी सेवा में निम्न निवेदन प्रस्तुत करती है:-

1. नजूल भूखण्ड संख्या-8, अशोक मार्ग लखनऊ जिसका क्षेत्रफल 8651 वर्गफिट है । प्रार्थिनी के पक्ष में लीज पर आवंटित था ।

2. शासन की वर्तमान नीति के अनुसार भूमि को फ्रीहोल्ड करने की नीति के अन्तर्गत उक्त भूखण्ड को प्रार्थिनी के पक्ष में फ्रीहोल्ड कर दिया गया है ।

3. प्रार्थिनी से भूखण्ड के क्षेत्रफल के अलावा 1096 वर्गफिट सड़क हेतु छोड़ी गई लीज भूमि का आनुपातिक मूल्य भी लिया गया है । फ्रीहोल्ड चार्ज के रूप में 6,82,290/-रुपया जमा किया है ।

4. प्रार्थिनी इस भूखण्ड पर कार्यालय भवन बनाने की इच्छुक है किन्तु महायोजना में इस भूखण्ड का भू-उपयोग आवासीय में दिखाया गया है । इसलिए वर्तमान भू-उपयोग में कार्यालय भवन बनाया जाना सम्भव नहीं है । इस भूखण्ड के आस-पास कार्यालय भवन बन गये है और तेजी से बन रहे है । भूखण्ड के पास ही उद्यान विभाग का पुराना कार्यालय बना हुआ है और इससे लगा हुआ एक अन्य कार्यालय भवन भी वहाँ पर है । इस भूखण्ड के ठीक सामने दक्षिण की तरफ एल०डी०ए० विभाग का कार्यालय भी बहुत पहले से बना हुआ है । इसके अतिरिक्त अशोक मार्ग पर इस क्षेत्र में आयकर विभाग का आफिस एवं अनेक व्यावसायिक एवं बैंक के कार्यालय स्थित है । अशोक मार्ग पर दूसरी तरफ शक्ति भवन, जवाहर भवन, इंदिरा भवन एवं अन्य बड़े सरकारी एवं गैरसरकारी कार्यालय भवन पहले से स्थापित है ।

5. प्रार्थिनी ने कई वित्तीय संस्था से ऋण ले करके अपना भूखण्ड फ्रीहोल्ड कराया है जिसका ब्याज उसे देना पड़ रहा है । अतः भूखण्ड फ्रीहोल्ड कराने के बाद उसकी वित्तीय स्थिति ऐसी नही है कि वह इतने बड़े भूखण्ड पर अपने आवास का निर्माण करा सके ।

6. वहाँ पर चारों ओर विकसित हो रहे कार्यालय भवनों को देखते हुए इस भूखण्ड पर आवास बनाना शांतिप्रियता एवं प्राइवेसी के दृष्टिकोण से उचित नहीं दिखायी पड़ता है ।

7\. प्रार्थिनी की आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं है कि फ्रीहोल्ड चार्ज के रूप में ऋण लेकर दी गई धनराशि का वहन कर सके । अतः निवेदन है कि प्रार्थिनी के भूखण्ड का भू-उपयोग महायोजना में कार्यालय भू-उपयोग (सी-1) में परिवर्तित कर दिया जाये । इस हेतु जो भी अतिरिक्त धनराशि उसे देनी होगी उसके द्वारा जमा की जायेगी ।

उपरोक्त प्रार्थना के अनुसार महोदय से निवेदन है कि प्रार्थिनी के भूखण्ड को महायोजना में आवासीय से कार्यालय भवन बनाने के लिए अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें । प्रार्थिनी आजीवन आभारी रहेगी ।

दि०. 12.2.96

प्रार्थिनी

ह० (signature)

(सत्यवती देवी)

16, नरही, लखनऊ।

सलग्नक-2
पृष्ठ : 10




DETAILS OF PLOT NO-8, ASHOK MARG, LKO.




SITE PLAN NOT TO SCALE



शीर्ष प्राथमिकता

संख्या-827/9-आ-3-96-6एल0यू0सी0/96

सलग्नक: 3
पृष्ठ: 11

प्रेषक,

राम वृक्ष प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ ।

आवास अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 22 फरवरी, 1996

विषय: नजल भखण्ड संख्या 8 अशोक मार्ग, लखनऊ का आवासीय से कार्यालय में भू-उपयोग परिवर्तन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-793/9-आ-3-96-6एल0यू0सी0/96, दिनांक 20.2.96 के क्रम में मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-711/त0नि0॥2॥/लखनऊ-भू-उप0प0रि0/95-96, दिनांक 22.2.96 की प्रतिलिपि संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस प्रकरण पर प्राधिकरण बोर्ड का निर्णय शासन को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

संलग्नक: यथोक्त ।

भवदीय,

॥ राम वृक्ष प्रसाद ॥
संयुक्त सचिव।

फोन : 246073
233358
242514

सलग्नक
पृष्ठ : 12

# नगर एवम् ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश

7, बन्दरिया बाग, लखनऊ-226001

पत्र संख्या 711 /व0नि0§2§/लखनऊ-भू-उप0प0ा0/95-96 दिनांक 22/2/96 1996

सेवा में,

संयुक्त सचिव
आवास अनुभाग-3
उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ।

विषय:- नजूल भू-खन्ड संख्या-8 अशोक मार्ग लखनऊ का आवासीय से कार्यालय में भू-उपयोग परिवर्तन।
======

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या: 793§1§/9-आ-3-96-6एल0यू0सी0/96, दिनांक: 20 फरवरी, 1996 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

प्रश्नगत स्थल लखनऊ संशोधित महायोजना, 2001 के अनुसार आवासीय §आर-2§ भू-उपयोग के अंतर्गत आता है। महायोजना जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार आवासीय उपयोग के अन्तर्गत कार्यालय की स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी §प्राधिकरण बोर्ड§ के अनुमोदन से दी जा सकती है। महायोजना प्राविधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन की स्थिति में अधिकतम भू-आच्छादन 40 प्रतिशत तथा एफ0ए0आर0 100 अनुमन्य है। जहाँ तक प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग परिवर्तन का प्रश्न है, इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल पर कार्यालय भवन के निर्माण का अनुमोदन प्राधिकरण बोर्ड में प्राप्त हो जाने की स्थिति में, महायोजना के उपरोक्त प्राविधान के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी।

भवदीय

§ हरे कृष्ण शर्मा §
मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक।

विषय संख्याः 3 पृष्ठ संख्याः 13

विषयः लखनऊ विकास प्राधिकरण की बिना बिक्रय अनुमति प्राप्त किये भवन/भूखण्डों को दाखिल-खारिज किये जाने विषयक।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं मे आवन्टित भवन/भूखण्डो को आवन्टियो द्वारा वर्तमान समय मे प्रचलित नियमावली के तहत बिक्रय करने पर कोई लाभांश देय नही है परन्तु भवन/भूखण्डो को बिक्रय करने से पूर्व लखनऊ विकास प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी द्वारा बिक्रय अनुमति लेना आवश्यक होता है जिसे आवन्टियों द्वारा नही लिया जाता है और अपने आवन्टित भवन/भूखण्डों का बिक्रय विलेख क्रेता के पक्ष मे निष्पादित कर दिया जाता है एवं समय-समय पर सम्पत्ति का दाखिल-खारिज किये जाने हेतु अनुरोध किया जाता है। यह स्थिति अच्छी नही है।

Acquisition value

ऐसे आवन्टी जिनके द्वारा भवन/भूखण्ड बिना लखनऊ विकास प्राधिकरण से बिक्रय अनुमति लिये बिक्रय कर दिये गये हैं उनके दाखिल-खारिज करते समय भवन/भूखण्ड की कीमत का 2 प्रतिशत अर्थदण्ड अथवा कम से कम रू0 2,500/- अर्थदण्ड (जो अधिक हो) लेकर ऐसी सम्पत्तियों का दाखिल-खारिज किया जाना चाहिये जिससे आवन्टी बिक्रय सम्बन्धी कार्यवाही करने से पूर्व विकास प्राधिकरण से अपने आवन्टित भवन/भूखण्ड को बेचने से पूर्व विकास प्राधिकरण से बिक्रय अनुमति प्राप्त किया करेगें।

अतः उक्त प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत है।

विषय संख्याः 5 पृष्ठ संख्याः 14

विषय: श्री ए.एम.खान, विशेष संवाददाता, पी.टी.आई को आवन्टित भूखण्ड संख्या- बी-2/98 विपुल खण्ड पर लगाये गये परिवर्तन शुल्क को माफ करने के सम्बन्ध में।

श्री ए.एम.खान, विशेष संवाददाता, पी.टी.आई. को गोमती नगर योजना में भवन संख्या- 5/471 विराम खण्ड दुपलेक्स दिनांक 11.11.93 को आवन्टित किया गया था। तत्पश्चात विपुल खण्ड मे दिनांक 20.12.94 को भूखण्ड संख्याः बी-2/98 परिवर्तित कर आवन्टित किया गया। उक्त परिवर्तन पर रुपया 31,680/- परिवर्तन शुल्क लगाया गया था। इसको बोर्ड की स्वीकृति की प्रत्याशा मे माफ किया जा चुका है।

अतः परिवर्तन शुल्क रुपये 31.600/- विशेष परिस्थितियों मे माफ करने हेतु प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत है।

विषयः श्री प्रमोद गोस्वामी, वरिष्ठ संवाददाता, पी·टी·आई· को आवन्टित भूखण्ड संख्याः सी-3/213 विपुल खण्ड पर लगाये गये परिवर्तन शुल्क को माफ करने के सम्बन्ध में।

---

गोमती नगर योजना मे श्री प्रमोद गोस्वामी, वरिष्ठ संवाददाता को भवन संख्याः 5/476, विराम खण्ड दिनाँक 11·11·93 को आवन्टित हुआ था। इसके उपरान्त उक्त भूखण्ड के स्थान पर दिनाँक 2·1·95 को भूखण्ड संख्याः सी-3/213 विपुल खण्ड परिवर्तित कर आवन्टित किया गया था जिस पर रु0 22,000/- का परिवर्तन शुल्क लगाया गया था। यह परिवर्तन शुल्क पूर्व मे बोर्ड की स्वीकृति की प्रत्याशा मे माफ किया जा चुका है।

अतः उक्त परिवर्तन शुल्क रु0 22,000/- विशेष परिस्थितियों मे माफ करने का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विषय संख्या: 6 पृष्ठ संख्या: 16

विषय: श्री जय किशन भाटिया को जानकीपुरम योजना मे आवन्टित ई.डब्लू.एस. भवन के स्थान पर गोमती नगर योजना में ई.डब्लू.एस.-2/742 विवेक खण्ड, परिवर्तित किये जाने से सम्बन्धित।

श्री जय किशन भाटिया को जानकीपुरम योजना के अन्तर्गत एक ई.डब्लू.एस. भवन संख्या: 3/75 लाटरी द्वारा आवन्टित हुआ था तदुपरान्त इनके अनुरोध पर इस भवन के स्थान पर गोमती नगर योजना के विवेक खण्ड मे ई.डब्लू.एस. भवन संख्या: 2/742 परिवर्तित कर दिया गया। उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति की प्रत्याशा मे उक्त परिवर्तन का अनुमोदन दिनांक 25.1.95 को प्रदान कर दिया गया था।

अतः श्री भाटिया को जानकीपुरम योजना मे आवन्टित भवन के स्थान पर गोमती नगर योजना मे परिवर्तित किये गये ई.डब्लू.एस. भवन संख्या: ई-2/742, विवेक खण्ड, जिसे उपाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है, पर प्राधिकरण का औपचारिक अनुमोदन प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

विषय संख्या : 7 पृष्ठ संख्या :

विषय : गोमती नगर व सुल्तानपुर रोड के मध्य आने वाली लगभग 2525 एकड़ भूमि का अर्जन धारा-17 के प्राविधानों सहित करने के सम्बन्ध में।

---

आख्या :-

दिनांक 23.2.96 को प्राधिकरण की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि आउटर रिंग रोड की भूमि के साथ-साथ अधिकतम् 1000 एकड़ और भूमि का अर्जन धारा-17 के प्राविधानों के साथ किया जाये, शेष भूमि के अर्जन हेतु धारा-4 की विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जाये। इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष, सचिव, अपर सचिव ने सयुक्त रूप से विचार-विमर्श किया था एवम् इस बिन्दु पर चर्चा की गयी थी कि प्रस्तावित रिंग रोड तथा कैन्टोनमेन्ट की सीमा के बीच में यदि कोई भूमि अभी अर्जित न की गयी तो रिंग रोड के बनते-बनते अवशेष भूमि पर अनाधिकृत एवं अनियोजित निर्माण हो जायेगे । इसी प्रकार यदि प्रस्तावित रिंग रोड के पूरब की तरफ की भूमि भी रिंग रोड की भूमि के साथ अर्जित न की गयी तो इस भूमि पर शीघ्र अनाधिकृत एवं अनियोजित निर्माण हो जायेगें, अतः यह उचित होगा कि प्रस्तावित रिंग रोड के बाहर की तरफ पूरब में लगभग 450 मीटर चौड़ी पट्टी से कैन्टोनमेन्ट की सीमा तक भूमि का अर्जन रिंग रोड की भूमि के साथ ही किया जाये, जिससे रिंग रोड का पूरा लाभ उठाया जा सके एवम् भूमि को अनाधिकृत कब्जे से बचाया जा सके। इसी प्रकार इस बिन्दु पर विचार-विमर्श किया गया कि लखनऊ-सुल्तानपुर रोड के दोनों तरफ कुछ भूमि रिंग रोड की भूमि के साथ ही अर्जित की जाय, जिससे सुल्तानपुर रोड का पूरा लाभ योजना को मिल सके तथा सुल्तानपुर रोड के किनारे अनियोजित अनाधिकृत निर्माण/कब्जा न हो सके।

Authorised. Legal Examination Financial Position Concrete Proposal. Scaly and boundaries Demarcation Survey.

इन्ही परिस्थितियों में यह उचित प्रतीत होता है कि गोमती नगर/पूर्वोत्तर रेलवे लाइन तथा लखनऊ-सुल्तानपुर रोड के दक्षिण मे 400 मीटर चौड़ी पट्टी तक एवम् कैन्टोनमेन्ट की सीमा से प्रस्तावित रिंग रोड के पूरब मे लगभग 450 मीटर चौड़ी पट्टी तक आने वाली भूमि का अधिग्रहण रिंग रोड की भूमि के साथ ही किया जाये।

लखनऊ राजधानी क्षेत्र के विकास के सम्बन्ध में दिनांक 15.2.96 को महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा समीक्षात्मक बैठक की गयी थी, जिसमे यह निर्णय लिया गया था कि भूमि का

अर्जन 31 मार्च, 1996 तक सुनिश्चित किया जाये। यह तभी सम्भव हो सकेगा जब इस भूमि का अधिग्रहण भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा-17 के प्राविधानों के अन्तर्गत किया जाये।

उपरोक्त स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए धारा-17 के प्राविधानों के अन्तर्गत जिस भूमि के अर्जन का प्रस्ताव है, उसका क्षेत्रफल 2525 एकड़ होता है। ग्रामवार विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र•सं• | ग्राम | प्रकाशित होने वाली भूमि §एकड़§ | ग्राम समाज की भूमि §एकड़§ | आबादी/मरघट की भूमि §एकड़§ | अन्य विभाग की भूमि §एकड़§ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1• | हुसाड़िया | 45•333 | 1•000 | - | - |
| 2• | मखदूमपुर | 352•622 | 23•420 | 7•670 | - |
| 3• | मलेसेमऊ | 453•725 | 108•978 | 21•714 | - |
| 4• | बाधामऊ | 42•730 | 3•954 | 2•805 | - |
| 5• | सरसवा | 780•588 | 28•997 | 0•656 | 17•078 |
| 6• | मुजफ्फरनगर घुसवल | 18•186 | 9•719 | 0•844 | - |
| 7• | अरदौनामऊ | 370•187 | 28•721 | 3•839 | - |
| 8• | अहमामऊ | 311•677 | 15•750 | 9•884 | 0•55 |
| 9• | हरिहरपुर | 114•609 | 2•544 | - | - |
| 10• | शकूरपुर | 12•789 | 2•809 | - | - |
| 11• | खरिका | 22•545 | 3•651 | - | - |
| | **योग** | **2524•99** | **229•54** | **47•41** | **17•42** |

**प्रस्ताव**

उपरोक्त टिप्पणी को दृष्टिगत रखते हुए गोमती नगर/उत्तर रेलवे लाईन से लखनऊ-

सुल्तानपुर रोड के दक्षिण में 400 मीटर की पट्टी तक तथा प्रस्तावित रिंग रोड के दोनों तरफ पूरब में लगभग 450 मीटर चौड़ाई तक एवम् पश्चिम में कैन्टोनमेन्ट की सीमा तक आने वाली भूमि जिसका क्षेत्रफल लगभग 2525 एकड़ है, का अधिग्रहण भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा-17 के प्राविधानों सहित करने हेतु धारा-4 व 6 की विज्ञप्ति प्रकाशित कराने के अनुमोदन हेतु विषय प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विषय संख्या:- 8 पृष्ठ संख्या-

विषय: भीखम पुर रोड के पश्चिम की योजना में भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव :-

---

आख्या:

पेपर मिल कालोनी के पास सुनियोजित विकास के अन्तर्गत आवासीय योजना के लिए 12·39 एकड़ की भूमि के अर्जन हेतु सर्व प्रथम 25 अगस्त, 1986 को धारा-4 (17) तथा 1, सितम्बर, 1986 को धारा-6 की विज्ञप्तियाँ प्रकाशित कराई गई थी, इसके पश्चात् हितबध्य व्यक्तियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से कब्जा प्राप्त करने के विरूद्ध स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया गया था, जिससे इस भूमि का कब्जा लखनऊ विकास प्राधिकरण को नहीं प्राप्त हो सका तथा अभिनिर्णय भी नहीं घोषित हो सका। सम्भवतः किसीस स्तर पर इस वाद की पर्याप्त पैरवी न हो पाने के कारण स्थगन आदेश निरस्त नहीं हो सका था। कुछ समय पश्चात् उक्त भूमि के डिनोटीफिकेशन के लिये प्राधिकरण की तरफ से तत्कालीन उपाध्यक्ष महोदय के पत्र सं0-111/ए·सी·/ए·ई· दिनांक 1, मई, 1993 द्वारा शासन से अनुरोध किया गया, जिसके उपरान्त 30, जून, 1993 को शासन द्वारा इस योजना की भूमि को डिनोटोफाई कर दिया गया।

इस सम्बन्ध में विभिन्न स्तरों पर विचार-विमर्श हुआ एवं यह तथ्य प्रकाश में आया कि निशातगंज फलाईओवर के बन जाने से वहाँ के आसपास के दुकानदार जो प्रभावित हुए हैं उन्हे पुनर्वासित करना उचित होगा। प्रभावित दुकानदारों/व्यक्तियों को पुनर्वासित करने हेतु निशातगंज के आसपास ही भूमि का होना आवश्यक है। निशातगंज के आसपास इस भूमि के अतिरिक्त और कोई भूमि नहीं है, जहाँ पर प्रभावित व्यक्तियों को पुनर्वासित किया जा सके।

निशातगंज फलाईओवर से प्रभावित व्यक्ति काफी समय से उन्हे पुनर्वासित करने हेतु आन्दोलन आदि करते आ रहे हैं, इस लिये यह आवश्यक है कि तत्काल इस भूमि का अर्जन कर लिया जाये एवं योजना तैयार की जाये। इस योजना में निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु धारा-17 के प्राविधानों सहित भूमि अर्जित करने का प्रस्ताव है:-

(1) निशातगंज फलाईओवर के निर्मित हो जाने से इस क्षेत्र के प्रभावित दुकानदारों/व्यक्तियों को पुनर्वासित करने के लिये

§2§ निशातगंज क्षेत्र को डिकन्जेस्ट करने के लिये ।

§3§ सुनियोजित विकास के लिये ।

§4§ अनियोजित रूप से अनाधिकृत निर्माण रोकने के लिये ।

:प्रस्ताव:

उपरोक्त परिस्थितियों में उपरोक्त योजना"भीखम पुर रोड के पशिचम की योजना" के नाम से धारा-17 के प्राविधानों सहित धारा-4 व 6 की विज्ञाप्तियाँ प्रकाशित कराने हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजने की अनुमति प्रदान करने हेतु विषय प्राधिकरण के विचारार्थ प्रस्तुत है।

हरदोई रोड ﴾आम्रपाली﴿ योजना एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण के मध्य के अन्तर्गत हितबद्ध व्यक्ति-तयों की अर्जित भूमि के प्रतिकर भुगतान करने के सम्बन्ध में आपसी समझौते का प्रस्तावः-

हरदोई रोड ﴾आम्रपाली ﴿योजना के अन्तर्गत 6 ग्रामों की 1355·97 ऐकड़ भूमि का अर्जन वर्ष 1981 में किया गया था, जिसमें से ग्राम बरिकॅला को छोड़कर 5 ग्रामों की भूमि का कब्जा इस विभाग को प्राप्त हो गया है, परन्तु घोषित अभिनिर्णय मे प्रतिकर की दरें निम्न होने के कारण उससे हितबद्ध व्यक्ति असंतुष्ट है। फलस्वरूप अधिकांश भू-स्वामी योजना स्थल पर निर्माण/विकास कार्यो में अवरोध उत्पन्न कर रहें हैं।

उपरोक्त निर्माण/विकास कार्यो सूचारु रूप से चलाने की दृष्टि से पूर्व में प्राधिकरण के अधिकारियो एवं हितबद्ध भू-स्वामी के मध्य कई बार विचार विमर्श कियाा गया, परन्तु भू-स्वामियों की ओर से निरन्तर यह माँग की जाती रही है कि उन्हे उनकी अर्जित भूमि का प्रतिकर वर्तमान बाजार की दर पर ही भुगतान किया जाये। अन्ततः कुछ भू-स्वामी इस बात पर सहमत हुए हैं कि उन्हे उनकी अर्जित भूमि का प्रतिकर एक लाख रूपया प्रति बीघा की औसत दर से भुगतान कर दिया जाये अथवा इन्हे गढढे की भूमि में 25 प्रतिशत की कटौती एवं समतल भूमि में 25 प्रतिशत की बृद्धि करते हुए क्रमशः रू0-75,000/ प्रति बीघा एवं रू0 1,25,000/- प्रति बीघा की दर से भुगतान कर दिया जाये।

उपरोक्त प्रस्ताव लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दि0 10-5-91 में विचारार्थ प्रसतुत किया गया था, जो उक्त बैठक में यथावत अनुमोदित किया गया, परन्तु पुनः दि0 16-11-91 की बैठक में उक्त प्रस्ताव का औचित्य स्पष्ट करने हेतु निर्देशित किया गया। इस प्रकार उक्त प्रस्ताव स्वीकृत न हो सका।

उपरोक्त योजना के अन्तर्गत प्रतिकर की दरों के सम्बन्ध में अतिरिक्त जिला जज द्वारा दि0 31-5-91 को चार वादों﴾संदर्भो﴿ में निर्णय पारित किया गया, जिसमें प्रतिकर की दरें क्रमशःरू0-6 व 4 एवं रू0 1·50 प्रति वर्गफुट निर्णीत की गयी है।

क्रमशः2

इन दरों में निम्न दर रू0 1.50 पै0 प्रति वर्गफुट के अनुसार वर्तमान समय देय प्रतिकर की धनराशि रू0 1,58,994/-प्रति बीघा होती है, इसमे 12 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर 30 प्रतिशत सोलेशियम एवँ नियमानुसार 9 एवँ 15 प्रतिशत सामान्य ब्याज सम्मिलित है। उक्त निर्णय के अनुसार परिसम्पत्तियों का प्रतिकर अलग से देय होगा।

प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत ग्राम छन्दोईया एवँ बराबनखुर्द की लगभग 65 बीघा भूमि के सम्बन्ध में काश्तकारों की ओर से 75,000/= प्रति बीघा की दर से गढढे की भूमि का एवँ रू0-1,25,000/= प्रति बीघा की दर से समतल भूमि का प्रतिकर (जिसमे सभी मदों की धनराशि सम्मिलित है) लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार भू-स्वामियों के प्रार्थना पत्रो पर दि0 4-3-94 को लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा सँयुक्त रूप से यह सहमति की गई थी यदि ग्राम छन्दोईया बराबनखुर्द की समतल भूमि का भुगतान रू0 1,25,000/= प्रति बीघा की दर से एवँ गढढे की भूमि का भुगतान रू0 75,000/= प्रति बीघा की दर से (जिसमें सभी मदों के अतिरिक्त परिसम्पत्तियों का प्रतिकर भी सम्मिलित है) सम्बन्धित हितबद्ध व्यक्तियों को भुगतान कर दिया जाता है तो प्राधिकरण को अतिरिक्त वित्तीय भार वहन नहीं करना पड़ेगा और योजना भी इकोनामिक्ल हो जायेगी। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण को योजनान्र्गत निर्माण/विकास कार्यो को प्रारम्भ करने में सुविधा होगी।

अतः उपरोक्तानुसार योजना के अन्तर्गत निर्माण/विकास कार्यो को अविलम्ब प्रारमभ करने की दृष्टि से हितबद्ध व्यक्तियों से आपसी समझौता करने हेतु निम्न प्रस्ताव लखनऊ विकास प्रधिकरण की बैठक के समक्ष स्वीकृतार्थ प्रस्तुत है।

(1) प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत काश्तकारों से प्राप्त सहमति के आधार पर रूपये 75,000/=प्रति बीघा की दस से गढढे की भूमि का एवँ रू0-1,25,000/= प्रतिबीघा की दर से समतल भूमि का प्रतिकर (जिसमें सभी मदों की धनराशि सम्मिलित है) के भुगतान हेतु स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

क्रमशः 3

Appoint the Committee of Officers to negotiate.

<u>अथवा</u>

§2§ शासनादेश सँख्या-भू0ओ0-185/9-आ-3-93-11वि0/93 दिनाँक 16-8-93 के अनुसार काश्तकारों से आपसी समझौता के आधार पर भूमि सीधे क्रये करने के लिये स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रसतुत है। जिसके अनुसार निम्न समिति द्वारा भूमि की दर निर्धारित की जायेगी।

§1§ जिलाधिकारी, अध्यक्ष

§2§ सचिव, ल0वि0प्रा0,सदस्य

§3§ परगना अधिकारी,सदस्य

विषय सं0 10 पृष्ठ सं0

विषयः- एक नई कार व एक नई जिप्सी क्रय करने के सम्बन्ध में।

आख्याः-

मुख्य अभियन्ता लखनऊ विकास प्राधिकरण से सम्बन्ध विभागीय कार सं0 यू0ए0ई0 1606 काफी पुरानी होने के कारण विभागीय कार्यों में कठिनाई होती है। प्रायः यह कार स्थल निरीक्षण के समय रास्ते में खराब हो जाती है जिससे सम्बन्धित अधिकारी को काफी असुविधा होती है एवं विभागीय कार्यों में व्यवधान होता है। अतः उचित होगा कि मुख्य अभियन्या के प्रयोजन हेतु एक एम्बेस्डर कार आई0एस0जेड0 1800 माडल क्रय कर लिया जाए।

इसके अतिरिक्त विभागीय जीप सं0 यू0जी0ओ0 4770 भी पिछले लगभग एक वर्ष से खराब है इस जीप के स्थान पर एक जिप्सी क्रय करना उचित होगा। इस जिप्सी को उपयोग अधीक्षण अभियन्ता{अर्जन} द्वारा विभागीय कार्यों में किया जायेगा।

प्रस्ताव

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए एक अम्बेस्डर कार व एक जिप्सी क्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु विषय प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विं०सं० 11

विषय:-गोमती नगर योजना में सफाई व्यवस्था प्रयोग के रूप में ठेके पर दिये जाने के सम्बन्ध में ।

---

विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित आवासीय कालोनियों में जिनमें वर्षों से आवंटी रह रहे हैं तथा उन्हें आवश्यक नागरिक सुबिधायें उपलब्ध नहीं हो रही हैं , को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तथा इन कालोनियों को एक आदर्श कालोनी का रूप देने के लिए यह विचार किया गया कि सफाई ,पानी ,सड़कों का रख-रखाव तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाय । इस सम्बन्ध में पानी तथा प्रकाश व्यवस्था तो काफी हद तक उपलब्ध करायी जा रही है लेकिन सफाई की व्यवस्था नगण्य है और चूँकि वर्षों से लोग निवास कर रहे हैं ।अतः सफाई की व्यवस्था आवश्यक हो गयी है । जगह-2 कूड़े के ढेर, मलबे के ढेर, नालों तथा नालियों में सिल्टिंग के कारण जल-भराव की स्थित उत्पन्न हो जाती है। विशेष अवसरों पर तथा विशिष्ट/अति विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन पर यदा-कदा प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र विशेष में इस कार्य को कराया जाता है और उस पर भारी धनराशि व्यय की जाती है।इससे अन्य नागरिकों में क्षोभ व्याप्त होना स्वाभाविक है।

प्रयोग के तौर पर यह विचार किया गया कि इस व्यवस्था को ठेके पर गोमतीनगर के विश्वास खण्ड-3 , विवेक खण्ड-1,2, 3,4, में लागू किया जाय । ठेके से सफाई कराने पर प्राधिकरण को किसी प्रकार की नियुक्ति नहीं करनी पडेगी जो आगे चलकर समस्या बन सके ।

इस सम्बन्ध में संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में सफाई व्यवस्था पिछले कई वर्षों से ठेके के माध्यम से करायी जा रही है तथा वहाँ सफाई व्यवस्था उच्च-कोटि की पायी गयी । इसी को ध्यान में रखकर सम्बन्धित एजेंसी प्रभु कान्द्रक्शन से प्रस्ताव माँगा गया और उन्होंने अपना विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो संलग्न किया जा रहा है । संस्था द्वारा जो प्रस्ताव दिया गया है उसके मुख्य विन्दु प्रस्ताव के पृष्ठ-3 पर देखे जा सकते हैं ।

सफाई के बाद जो कूड़ा इकट्ठा किया जायेगा उसके लिए संस्था ने प्रस्ताव दिया है कि एल०डी०ए० चाहे तो खुद ही उसे वहाँ से हटाये या वे खुद भी इस कार्य को करने के लिए तैयार

जिसके लिए वह प्रति ट्रक रु0 250/= चार्ज करेंगें और इस कार्य के लिए पूरे उपकरण स्वयं उपलब्ध करायेंगें ।इसके साथ-2 उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया है कि यदि मलवा भी हटाने का कार्य उन्हें दिया जाता है तो इसके लिए वह रु0 200/- प्रति ट्रक चार्ज करेंगें । इसके अलावा कूड़ा इकट्ठा करने का स्थान प्राधिकरण चिन्हीत करेगी और वहाँ रैम्प तथा कूड़े घर का निर्माण भी प्राधिकरण द्वारा ही कराया जायेगा । संस्था द्वारा कुल कार्य के 5% धनराशि के बराबर बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रतिभूति जमा की जायेगी और ठेके की समाप्ति पर जो भी कटौती आदि, यदि कोई हों, करने के पश्चात् प्रतिभूति उन्हें वापस करदी जायेगी ।

2. ठेकेदार द्वारा कोई गल्ती करने पर रूपये 500/= की पेनाल्टी का भी प्रस्ताव उन्होंने किया है। ठेकेदार द्वारा प्रत्येक खण्ड में एक शिकायत रजिस्टर रखा जायेगा जिसमें वहां के निवासियों द्वारा शिकायत के सम्बन्ध में जो भी शिकायत दर्ज करायी जायेगी उनका निराकरण ठेकेदार द्वारा 48 घंण्टे के अन्दर किया जायेगा।

3. एक कान्ट्रैक्ट के लिए प्राधिकरण का एक अधिकारी सुपरवाईज करेगा ।

4. ठेकेदार द्वारा आवश्यक सफाई कर्मचारी प्रत्येक कार्य पर लगाये जायेंगे और वे वर्दी में होंगे । वर्दी ठेकेदार द्वारा ही दी जायेगी । इसके अतिरिक्त सफाई के सभी उपकरण जैसे रिक्शा,ट्राली, झाड़ू, ठेला आदि भी ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे ।सप्ताह में एक बार केमिकल का छिड़काव भी ठेकेदार द्वारा अपने व्यय पर किया जायेगा । इन उपकरणों को रखने के लिए विकास प्राधिकरण द्वारा एक स्टोर/कार्यालय उपलब्ध कराया जायेगा जहाँ पर यह अपने उपकरण एवं केमिकल रख सकें ।

5. चूँकि इस कार्य में 80 % कार्य श्रमिकों द्वारा किया जाना है अतः माह की 10 तारीख तक उनका मासिक भुगतान कर दिया जाया करे । इससे अधिक विलम्ब होने पर 5 दिन का ग्रेस पीरियड दिया जायेगा तत्पश्चात् 5% ब्याज चार्ज किया जायेगा ।

6. प्रस्ताव में पूरे कार्य का विश्लेषण दिया गया है जो पृष्ठ-9 से 13 पर देखा जा सकता है जिसके अनुसार विश्वास खण्ड-3 की सफाई का क्षेत्रफल 38,500 वर्ग मीटर है । गवर्नमेण्ट मैनुवल की दर

क्रमशः 3

से इस कार्य के लिए रुपये 24,640/= व्यय आता है जो प्रति वर्ग मीटर 64 पैसे होता है । ठेकेदार द्वारा इस दर को 42 पैसे प्रति वर्ग मीटर की दर से लगाया गया है और इस प्रकार रू016421/= प्रतिमाह का व्यय विश्वास खण्ड की सफाई व्यवस्था पर आयेगा। जो गवर्नमेण्ट मैनुवल की दर से रू0 8,470/= कम है । इससे वार्षिक रू0 1,00,640/= की बचत होगी । इसी प्रकार विवेक खण्ड-1,2,3,4, का क्षेत्रफल 2,35,000 वर्ग मीटर है, और गवर्नमेण्ट मैनुवल के अनुसार इस पर 1,52,640 /= प्रतिमाह का व्यय आयेगा । ठेकेदार द्वारा प्रस्तावित दर के अनुसार यह कार्य उनके द्वारा रुपये 98,700/= में किया जायेगा । इस प्रकार रू0 53,940/= प्रतिमाह अर्थात् रू0 6,46,280/= वार्षिक की बचत होगी ।

उपरोक्त के अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा अपने प्रस्ताव में यह कहा गया कि यदि उनके ऊपर लेबर ऐक्ट के प्राविधान लागू होंगे तो उनके द्वारा 42 पैसे प्रति वर्ग मी0 की दर के स्थान पर 47 पैसे प्रति वर्ग मीटर की दर ली जायेगी तथा लेबर ऐक्ट तथा कर्मचारी के बीच में जो भी अंशदान देय होगा वह ठेकेदार द्वारा ही देय होगा ।

ठेकेदार द्वारा जो पूरक प्रस्ताव दिया गया है उसके अनुसार 47 पैसे प्र0व0मी0 का प्रस्ताव दिया गया है अनुपूरक प्रस्ताव में यह कहा गया है कि कूड़े घर से कूड़ा उठाने के कार्य में जो उपकरण लगेंगे वह स्वयं उपलब्ध कराने को तैयार हैं अथवा एल0डी0ए0 उन्हें किराये के आधार पर उपलब्ध करादे लेकिन वर्तमान में एल0डी0ए0 के पास ऐसे उपकरण उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें क्रय करना पड़ेगा अच्छा होगा कि यह कार्य ठेकेदार द्वारा खुद ही कराया जाय ताकि दो तरह की एजेन्सी एक ही कार्य पर लगाने पर कार्य में बाधा उत्पन्न होती है । ठेकेदार द्वारा यह भी प्रस्तावित किया गया है कि यदि एल0डी0ए0 चाहे तो इस कार्य के लिए आवश्यक उपकरण खरीद दे और ठेकेदार के बिल से इसकी कटौती ब्याज सहित करले और जब तक पूरी धनराशि की कटौती नहीं हो जाती है तबतक उपकरण एल0डी0ए0 के पक्ष में बन्धक के रूप में रहेंगे ।



क्रमशः 4

अनुपूरक प्रस्ताव में ही संस्था द्वारा संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा दिये गये सार्टीफिकेट की फोटो प्राति लगायी गयी है जो अनुपूरक प्रस्ताव के पृ0 सं0 । से 4 तक उपलब्ध है ।

संस्था का यह भी कहना है कि जो भी प्रस्ताव उनके द्वारा दिया गया है उसी के आधार पर प्राधिकरण चाहे तो उन्हीं दरों पर भी उन्हीं शर्तों पर अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था भी दे सकती है। इस सम्बन्ध में प्रस्तावित है कि उपरोक्त के अलावा विश्वास खण्ड-।, व 2 , विराम खण्ड-। विकास खण्ड-। तथा विशाल खण्ड 2 को भी इसी में शामिल कर लिया जाय ।

चूँकि इस कार्य में ठेकेदार को काफी उपकरण आदि की व्यवस्था करनी पड़ेगी अतः ठेकेदार को इस कार्य को कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए दिया जाना उचित होगा और यदि यह व्यवस्था अच्छी पायी गयी तो उसे आगे बढ़ाया भी जा सकता है। प्रस्ताव की शर्तों के अनुसार कार्य को समाप्त करने के लिए प्राधिकरण को कम से कम एक माह की नोटिस देनी होगी और यदि ठेकेदार स्वयं समाप्त करना चाहता है तो उसे तीन माह की नोटिस देनी होगी ।

चूँकि सामान्यतः इस कार्य को टेण्डर के माध्यम से कराया जाना चाहिए लेकिन यह एक अनुभवी एवं ख्याति प्राप्त संस्था है जिसका कार्य लखनऊ में भी देखा जा चुका है अतः यह कार्य बिना टेण्डर के ही आवंटित किये जाने की स्वीकृति भी वाँछित है । यह इसलिए भी आवश्यक है कि प्राधिकरण द्वारा यह कार्य प्रयोग के रूप में ही प्रारम्भ किया जा रहा है और यह अच्छा होगा कि प्रयोग के रूप में ऐसे व्यक्ति एवं संस्था को कार्य दिया जाय जिसे अनुभव हो तथा उसके कार्य के बारे में पूर्व कार्यों की जानकारी हो ।

उपरोक्त प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।

# PRABHU CONSTRUCTIONS

1 / 221, Viram Khand
Gomti Nagar, Lucknow
Pin-226010
Phone : 394116

Consultancy For Environment Control Works by **PASKAR** 117/49-A, Sarvodaya Nagar, Kanpur
Phone : 212645, Fax 0512-294071


## CLARIFICATION REGARDING DISPOSAL OF GARBAGE/REFUGE/DISMANTELLED MATERIAL PAGE - 3 - B

1. In our proposal the distance of disposal was left to mention the disposal rate offered by us includes the distance 3 to 5 Kms only beyond it @ 20% extra (of the rate offered by us) per Kilometer will be charged in both either for garbage/refuge or for dismantelled material.

2. The garbage/refuge collectted/produced in day to day sweeping will be disposed as per our proposal but the previous dumps of refuge/garbage/dismantelled material is also to be done on priority basis. The drains and Zonal nalas/storm water drains are fully choked and silted, the production of Sludge / Refuge / Garbage will be too much for the disposal of such dumps of garbage/refuge/ dismantelled materials we are offering a discount of 3% on our truck rates only keeping the consideration of mass quantum of work.

